हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EPCH
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ




**प्रेस विज्ञप्ति- दूसरा दिन**

**58वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला – ऑटम 2024**
**16-20 अक्टूबर 2024; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा**

# आईएचजीएफ दिल्ली मेला - ऑटम 2024 में होम, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्निशिंग और फर्नीचर उत्पादों को सोर्स करने के लिए दुनिया भर के खरीदारों का जमावड़ा

राजस्थान सरकार के माननीय मंत्री श्री के. के. बिश्नोई और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ सैयद ज़फ़र इस्लाम ने मेले का दौरा किया; आयोजकों और प्रदर्शकों की जमकर सराहना की

## दूसरे दिन बिजनेस, नेटवर्किंग और ज्ञानवर्धक नॉलेज सेमिनारों का आयोजन

**दिल्ली/एनसीआर - 17 अक्टूबर, 2024 –** 58वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2024 अपने शानदार शुरुआत के बाद जोर पकड़ रहा है। यहां विभिन्न देशों से ब्रांड और सोर्सिंग समूहों से बड़ी तादाद में खरीदार पहुंच रहे हैं। मार्ट और हॉल दोनों में ही डेकोर, हाउसवेयर, फर्नीचर, फैशन एक्सेसरीज, होम टेक्स्टाइल के साथ-साथ गिफ्ट और होलीडे डेकोरेशन के स्टैंड्स में चहल-पहल के बीच लगातार गतिविधियां हो रही हैं। इस मेले में अभी तीन दिन और बाकी हैं और इसकी सफलता का माहौल अभी से तैयार हो गया है।

राजस्थान सरकार के माननीय उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामलों एवं खेल, कौशल, योजना एवं उद्यमिता और नीति निर्माण मंत्री श्री के. के. बिश्नोई ने अभूतपूर्व प्रदर्शकों और बड़ी संख्या में खरीदारों की मौजूदगी वाले इस भव्य मेले के आयोजन के लिए ईपीसीएच की सराहना की। इसी दौरान उन्होंने राजस्थान के प्रतिभागियों के साथ बातचीत भी की और उनके उत्पादों की विविधता, डिजाइन एवं गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य के समृद्ध लकड़ी, धातु, टेक्सटाइल, लेदर और बोन एवं हॉर्न शिल्प पर बल दिया।

बीजेपी के राजनीतिक एवं आर्थिक मामलों के राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. सैयद जफर इस्लाम ने मेले में अपने दौरे के दौरान ईपीसीएच की देश और खास कर उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी, जो सबसे बड़ी भागीदारी और उत्पाद प्रतिनिधित्व वाला राज्य है और मेले की मेज़बानी भी करता है। उन्होंने मुरादाबाद - हस्तशिल्प के सबसे बड़े केंद्र और राज्य के अन्य क्षेत्रों के कारीगरों, उद्यमियों और निर्यातकों से मुलाकात भी की।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने साझा किया, "58वां आईईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2024, 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक ग्रेटर नोएडा (एक्सप्रेसवे) के इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन कई खरीदारों ने मेले में शिरकत की। मेले में विभिन्न देशों से आए आगंतुकों ने मेले का दौरा किया और अपनी सोर्सिंग से जुड़ी जानकारियों के साथ काफी व्यस्त दिखे। इस अवसर पर भारतीय हस्तशिल्प निर्यात व्यापार के महत्व के विषयों पर व्यावहारिकता प्रदान करने वाले सेमिनारों के साथ रैंप प्रस्तुतियां कई आगंतुकों को उत्साहित करती दिखीं। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकारों द्वारा शिल्प निर्माण प्रक्रिया का प्रदर्शन दर्शकों को आकर्षित कर रहा है और मेले में अच्छी तरह से सुसज्जित लाउंज आगंतुकों को आराम करने में मदद कर रहे हैं। पहली बार आने वाले कई अंतरराष्ट्रीय आगंतुक हमारे क्षेत्र के पैमाने और निर्माताओं की गतिशीलता पर ध्यान दे रहे हैं, जो सामूहिक रूप से विदेशों में 'ब्रांड इंडिया' की पेशकश करते हैं। कुछ लोगों ने यह भी साझा किया है कि ईपीसीएच के सभी बहुआयामी गतिविधियों में से कुछ ऐसी हैं जिनसे बहुत से लोग अभी तक अनजान हैं, उन्हें मेले के केंद्र में 'ईपीसीएच वर्ल्ड' के माध्यम से बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

मुख्य संरक्षक की भूमिका में ईपीसीएच के महानिदेशक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, " हमारे नियमित खरीदार और आईएचजीएफ दिल्ली मेले के नए आगंतुक हमें उत्पाद प्रदर्शन के साथ-साथ व्यापार करने के लिए आरामदायक माहौल के मामले में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। उनकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया ने क्षमताओं को प्रज्वलित किया है और प्रदर्शकों में आत्मविश्वास पैदा किया है, खासकर उन उभरते हुए लोगों में जो अभी शुरुआत कर रहे हैं लेकिन अपार संभावनाएं दिखाते हैं।"

आयोजन में आए इटली के खरीदार फिलिपो और लोरेंजो ने कहा, "हम इस मेले में पहली बार शामिल हुए हैं और हमारा अनुभव शानदार रहा है क्योंकि कई निर्माता हमारे उसी विश्वास को विस्तार दे रहे हैं जिसके भरोसे हम यहां पर आए हैं। रीसाइकिल्ड और दीर्घकालिक वस्तुओं में हमारा बहुत दृढ़ विश्वास है, ऐसे में यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम उत्पादन और उपभोग के मॉडल और ग्रीन सर्कुलर इकोनॉमी के नजरिए का समर्थन करें और इस बारे में जागरूकता का विस्तार करें । हमने भारत को उसकी बेहतर गुणवत्ता और आसान भागीदारी प्रक्रिया के लिए चुना है। हम अब तक कई उत्कृष्ट आपूर्तिकर्ताओं से जुड़ भी चुके हैं।"

आयोजन में पहली बार शिरकत कर रहीं एक अन्य खरीदार, पेरिस की डियाने ने अपने विचार कुछ यूं साझा किए, "सुंदर भारतीय उत्पादों के लिए मेरी जिज्ञासा ने मुझे इस मेले की यात्रा करने के लिए प्रेरित किया। मैं एक ऐसी कंपनी से हूं जो विशेष गुण, प्रमाणिकता और सुंदरता के साथ बेहतरीन डिजाइन पेश करने की इच्छा रखती है। मैं खास तौर पर लैंप एवं एक्सेंट पीस जैसे होम डेकोर उत्पादों की तलाश में हूं। भारतीय उत्पाद शानदार और जीवंत शिल्प कौशल और व्यापक हस्तनिर्मित डिजाइनों के साथ संस्कृति को खूबसूरती से दर्शाते हैं जो वास्तव में अलग दिखते हैं।''

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया, "डेको-यूटिलिटी उत्पादों के साथ-साथ स्टेटमेंट पीस में खूबसूरती से प्रदर्शित क्षेत्रीय शिल्प कौशल भारत की विरासत और हमारे विविध स्थलाकृति के कारण प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले मौसमी प्राकृतिक व्युत्पन्नों के महत्व के बारे में व्यावहारिक जागरूकता पैदा कर रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र कई कहानियाँ बताता है और हमारे आगंतुक विशेष चीज़ों की तलाश में होने के कारण ध्यान देकर खुश होते हैं।"

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने बताया, "डोमेन एक्सपर्स्ट के साथ आज हमारे सेमिनारों की शुरुआत हुई है जो अंतरराष्ट्रीय अनुपालनों और निर्यात दस्तावेजीकरण पर गहरी समझ, दिशानिर्देश और महत्वपूर्ण जानकारियां देना जारी रखेंगे। ये सत्र न केवल निर्यातकों के लिए बल्कि उन लोगों के लिए भी है जो अपने बिजनेस के शुरुआती दौर में हैं।"

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने कहा, "ईपीसीएच द्वारा डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से आज 'विदेशी खरीदारों तक पहुंचने के लिए रणनीतिक नजरिया' विषय पर आयोजित सत्र में मौजूद लोगों को बताया गया कि निर्यातक संभावित खरीदारों तक कैसे पहुंच सकते हैं और उनसे कैसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं; विभिन्न निर्यातक अपने संभावित खरीदारों की खोज कैसे कर सकते हैं; और साथ ही निर्यातकों के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी रैंकिंग सुधारने के लिए स्थिरता और समाधानों को लेकर भी जानकारी साझा की गई। वनों की कटाई-मुक्त उत्पादों (ईयूडीआर) पर यूरोपीय संघ के विनियमन पर आयोजित एक और सत्र ने अनुपालन, विनिर्माण प्रथाओं और प्रक्रियाओं के माध्यम से फर्नीचर और काष्ठ शिल्प निर्माताओं को आगे का रास्ता तलाशने में मदद पहुंचाई।"

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने और देश के विभिन्न शिल्प समूहों में होम, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल, फर्नीचर एवं फैशन जूलरी और एक्सेसरीज वस्तुओं के उत्पादन में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाने के लिए एक नोडल एजेंसी है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि साल 2023-24 के दौरान भारत से हस्तशिल्प का कुल निर्यात 32,758 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ था।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
**श्री आर.के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच +91-9810697868**

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
**EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS**

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AACE1747M1ZJ

16-20 OCTOBER 2024 Autumn
IHGF DELHI FAIR
58th Edition INDIA EXPO CENTRE & MART, GREATER NOIDA EXPRESSWAY, DELHI-NCR

**PRESS RELEASE – Day 2**

**58th IHGF Delhi Fair – AUTUMN 2024**
**16th– 20th October 2024; India Expo Centre, Greater Noida**

# Buyers from across the world throng IHGF Delhi Fair – AUTUMN 2024 to source home, lifestyle, fashion, furnishing and furniture products

Shri K.K. Bishnoi, Hon'ble Minister, Govt. of Rajasthan and Dr. Syed Zafar Islam, ex-Rajya Sabha MP visit the fair; commend organisers and exhibitors at the fair

## Business, Networking and Insightful Knowledge Seminars mark second day

**Delhi/NCR – 17th October 2024 –** 58th IHGF Delhi Fair – AUTUMN 2024 is gaining momentum after a stupendous start. Buyer from various countries, brands and sourcing groups are visiting in large numbers. Stands featuring décor, houseware, furniture, fashion accessories, home textiles, as well as gifts and holiday decorations, both at the Marts and Halls, have been bustling with activity. With three more days ahead, the tone for the success of the fair is set.

Shri K. K. Bishnoi, Hon'ble State Minister of Industry & Commerce, Youth Affairs & Sports, Skills, Planning & Entrepreneurship and Policy Making, Govt. of Rajasthan commended EPCH for the expansive fair with phenomenal exhibitor and buyer attendance. He also interacted with participants from Rajasthan, complimenting their product variety, designs and quality. He asserted the rich wood, metal, textile, leather and bone & horn craft heritage of the state to further boost participants' morale.

Dr. Syed Zafar Islam, National Spokesperson - Political & Economic Affairs, Member BJP National Executive Committee and Ex Rajya Sabha MP on his visit congratulated EPCH for bringing glory to the nation and especially Uttar Pradesh, the state which accounts for the largest participation and product representation, and also hosts the fair. He met artisans, entrepreneurs and exporters from Moradabad - the biggest hub for handicrafts and also of other regions of the state.

Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH shared, "The 58th edition of our IHGF Delhi Fair –Autumn 2024 being held from 16th to 20th October 2024 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida Expressway, had a busy second day with buyers from several nations visiting, seminars offering insights on topics of significance to the Indian handicraft exports trade and ramp presentations enthusing many visitors. Craft making demonstrations by National Awardee crafts persons are gathering audience and well-appointed lounges at the fair are helping visitors unwind. Many first time international visitors are taking note of the scale of our sector and the dynamism of the manufacturers who collectively project 'Brand India' overseas. Some have also shared that EPCH's all multi-faceted activities that many are yet unaware of, are well projected through the 'EPCH World' at the fair's centre. "

Dr. Rakesh Kumar, Chief Mentor in a role of Director General, EPCH & Chairman, IEML said, "Our regular buyers as well as new visitors to the IHGF Delhi Fair family keep inspiring us to push our limits in terms of product display as well as comfortable environment to do business. Their valuable feedback has ignited capabilities and instilled confidence in exhibitors, especially the upcoming ones who are just starting out but show immense potential."

Filippo and Lorenzo, buyers from Italy said, "It's our first time attending this fair, and the experience has been fantastic as many manufacturers are in sync with what we believe in. As believers in recycled and sustainable materials, we are committed to spreading responsible models of production and consumption and to supporting a vision of the green circular economy. We chose India for its superior quality and smooth collaboration process. We've already connected with some excellent suppliers."

Another buyer, Diane from Paris who is on her first visit shared, "My curiosity for beautiful Indian products, made me travel to this fair. I am from a company that aspires to offer great design pieces with character, honesty and beauty. I am specifically looking for home decor items like lamps and accent pieces. Indian products reflect the culture beautifully, with intricate craftsmanship and detailed handmade designs that truly stand out."

Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman, EPCH, informed, "Regional craft skills beautifully manifested in deco-utility products alongside statement pieces are creating practical awareness about India's heritage and the significance of seasonal natural derivatives found in abundance due to our varied topography. Each region tells many stories and our visitors are happy to pay attention as they are looking for exclusives."

Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH informed, "Our seminars, led by domain experts, began today and will continue to provide insights, guidance, and valuable information on international compliance and export documentation. These sessions are beneficial not only for exporters but also for those in the early stages of launching their businesses.

Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH, added, "Today's session on 'Strategic approach towards reaching out to overseas buyers' organised by EPCH in association with Dun & Bradstreet, guided attendees on ways exporters can reach prospect buyers and establish connections; how various exporters can search for their prospect buyers; and sustainability and solutions for exporters to improve their rankings in a highly competitive international market. Another session on EU regulation on deforestation-free products (EUDR) helped explore the path forward for furniture and woodcraft manufacturers, through compliance, manufacturing practices and processes."

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal agency for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the country. The overall Handicrafts exports during the year 2023-24 was The overall Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,758 Crores (US $ 3,956 Million) informed Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact:**

Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH ; +91-9810697868

Encl: Hindi, English with photos




Photo 1 : Shri K. K. Bishnoi, Hon'ble State Minister of Industry & Commerce, Youth Affairs & Sports, Skills, Planning & Entrepreneurship and Policy Making, Govt. of Rajasthan alongwith Dr. Rakesh Kumar, Chairman IEML and Members of Committee of Administration-EPCH visited 58th IHGF Delhi Fair – Autumn 2024 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida.





Photo 2 & 3: Dr. Syed Zafar Islam, National Spokesperson - Political & Economic Affairs, Member BJP National Executive Committee and Ex Rajya Sabha MP visited and interacted with member participants alongwith Dr. Rakesh Kumar, Chairman IEML and Members of Committee of Administration-EPCH during 58th IHGF Delhi Fair – Autumn 2024 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida.




Photo 4: EPCH organised an awareness seminar on ‘Strategic approach towards reaching out to overseas buyers’ with large number of member participants of 58th edition of IHGF-Delhi Fair – Autumn’24 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida